# 10 अप्रैल से समर्थन मूल्य में गेहूं और 16 अप्रैल से शुरू होगी सरसों खरीदी

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 6 अप्रैल. 1 अप्रैल से शुरू होने वाली गेहूं और सरसो की खरीदी की तारीख फिलहाल बढ़ गई है। अब समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 10 अप्रैल से और भावांतर योजना के तहत सरसो खरीदी 16 अप्रैल से प्रारंभ होगी।**

**खरीदी शुरू होने का इंतजार कर रहे किसान**

**बाजार में दाम कम मिलने से उठाना पड़ रहा नुकसान**

गेहूं खरीदी को लेकर यह दूसरी बार परिवर्तन हुआ है। इससे पहले 16 मार्च से गेहूं खरीदी शुरू होने की संभावना थी, लेकिन यह तिथि बढकर 1 अप्रैल कर दी गई। इसके बाद शासन ने पुन- खरीदी की तारीख बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी। इधर सरसो की खरीदी को लेकर भी यहीं हाल है। अब सरसो की खरीदी 1 अप्रैल की बजाए 16 अप्रैल से शुरू होगी। खरीदी को लेकर बार-बार तारीखे बढने से किसानों की चिंताएं बढ़ते जा रही है, क्योंकि किसानों के पास भंडारण की व्यवस्था नहीं है। ऊपर से मौसम भी साथ नहीं दे रहा है। मौसम बदलने और बारिश-हवा चलने के कारण उपज को सुरक्षित रखना किसानों के सामने चुनौतीपूर्ण बन गया है। किसानों का कहना है कि जिले की मंडियों में गेहूं के दाम 2100 से 2400 रुपए मिल रहे है। इसके चलते वे लंबे समय से समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। कई किसानों ने फसल कटाई के बाद स्टॉक भी रोककर रखा है, ताकि उन्हें सरकारी दर पर बेहतर कीमत मिल सके। किन्तु बार-बार खरीदी की तारीख बढने से किसानों के सामने समस्याएं उत्पन्न हो रही है। सबसे बड़ी समस्या भंडारण की है। किसानों के पास भंडारण की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कई किसानों की उपज खेतों में खुले में पड़ी है। ऐसे में बारिश के कारण उपज भीगती है तो दाना काला पडने की संभावना रहेगी। जिससे किसानों का नुकसान उठाना पड़ेगा।



**अधिकारियों का कहना- तय तिथियों से शुरू होगी खरीदी प्रक्रिया :** अधिकारियों का कहना है कि शासन ने समर्थन मूल्य में गेहूं की खरीदी की 10 अप्रैल कर दी है। तय तिथि से खरीदी केंद्रों पर पूरी व्यवस्था के साथ गेहूं खरीदी की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। किसानों को स्लॉट बुकिंग और टोकन व्यवस्था के माध्यम से बुलाया जाएगा, ताकि भीड़ नहीं लगे और खरीदी सुचारू रूप से हो सके।

> सरसो खरीदी की तारीख बढ़ाकर 16 अप्रैल कर दी है। जिले की मंडियो में भावांतर योजना के तहत सरसो की खरीदी की जायेगी। इस साथ सरसो बेचने के लिए 2481 किसानों ने पंजीयन कराया है।
> **- आनंद बडोनिया, उप संचालक, कृषि विभाग बैतूल**

> शासन ने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए तारीख बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी है। अब 10 अप्रैल से खरीदी होगी। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए 64 केन्द्र बनाये गये है।
> **- कृष्ण कुमार टेकाम, जिला आपूर्ति अधिकारी, बैतूल**

### गेहूं के 18969 और सरसों के 2481 पंजीयन

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं और सरसो बेचने के लिए इस बार बड़ी संख्या में किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। बताया जा रहा है कि गेहूं बेचने के लिए 18969 किसानों और सरसो के लिए 2481 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसके पीछे कारण यह है कि खुले बाजार (मंडी) में गेहूं के दाम 2100 से 2400 रूपये प्रति क्विंटल है, जबकि समर्थन मूल्य में गेहू बेचने पर किसानों को समर्थन मूल्य 2585 रूपये और 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस मिलेगा। जिससे किसानों को प्रति क्विंटल 100 से 500 रूपये का फायदा होगी। वहीं खुले बाजार (मंडी) में सरसो के दाम समर्थन मूल्य से अधिक है। खुले बाजार में सरसो 6 हजार से 8 हजार प्रति क्विंटल चल रही है। जबकि भावांतर योजना में सरसो के दाम 6200 रूपये निर्धारित किये है और किसान भावांतर से कम दाम में उपज बेचता है तभी किसानों को भावांतर का लाभ मिलेगा, अन्यथा नहीं।

### बार-बार बदलता मौसम किसानों के लिए परेशानी

मौसम में हो रहे बदलाव और कहीं-कहीं बारिश के कारण खुले में रखी उपज भीगने का खतरा बना हुआ है। बुधवार जिले के कई हिस्सों में ओले गिरे। तेज आंधी के साथ बारिश भी हुई। वहीं गुरूवार सुबह भी आसमान में काले बादल छाये रहे। हालांकि दोपहर में आसमान साफ हो गया, लेकिन मौसम को लेकर किसानों की चिंता बरकरार है। मौसम विभाग के अनुसार अरब सागर व बंगाल की खाड़ी से नमी, पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन के सक्रिय होने से प्रदेश का मौसम बदल रहा है। यह स्थिति आगामी दो-तीन दिन तक बनी रहने की संभावना है। इस दौरान कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है। किसानों का कहना है कि कहीं-कहीं गेहूं कटाई चल रही है। कुछ किसान गेहूं काटने के बाद दावन की तैयारी कर रहे है। ऐसे में मौसम में परिवर्तन के कारण फसल भींगने का खतरा बढ़ गया है।

## एक नजर में

### मकान में आग लगने से घरेलू सामान, स्कूटी जली

**मुलताई।** प्रभात पट्टन ब्लॉक के ग्राम मंगोनाकला मे रविवार की रात करीब 9.30 रहवासी क्षेत्र मे स्थित एक मकान मे आग लग जाने से घरेलु सामान सहित ई स्कूटी, गेंहू, अनाज सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया. नगरपालिका की फायर ब्रिगेड को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एवं आग पर काबू पाया गया। नगरपालिका के फायर कर्मचारी सुमित पूरी ने बताया ग्राम मगोंना कला मे रहवासी क्षेत्र में स्थित ग्रामीण नामदेव उकड़े के कच्चे मकान में अज्ञात कारणों से आग लग जाने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे एवं आग बुझाई गई। आगजनी से मकान में रखा गेहूं ,एक बैटरी वाली स्कूटी ,बैलगाड़ी , एवं कृषि उपकरण जलकर राख हो गए।फायर टीम द्वारा जन सहयोग से आग पर काबू पाया गया,नहीं तो आग आस पास के मकानो को भी आग की चपेट में ले लेती, जिससे भीषण दुर्घटना हो सकती थी। आग बुझाने मे फायर कर्मचारी राहुल चंडालिया,दीपक अहिरवार, सुमित पुरी कि सराहनीय भूमिका रही।

### ट्रांसफार्मर की चपेट मे आने से मजदूर झुलसा

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम कुंडई में रविवार रात एक मजदूर बिजली के ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल के भाई गोपाल ने बताया अतुल पिता श्रावण पठाडे 27साल गांव में ही सुरेंद्र करदाते के घर मजदूरी के लिए जा रहा था इस दौरान रास्ते में लगे ट्रांसफार्मर के संपर्क में आने से उसे करंट लग गया। जिससे अतुल के हाथ, कंधे, सीने और पैर बुरी तरह झुलस गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने अतुल को तुरंत पांढुरना जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे नागपुर रेफर कर दिया। अतुल का इलाज नागपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है. जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी के 6 अप्रैल स्थापना दिवस के अवसर पर कोठी बाजार मंडल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंडल प्रभारी सुधा चंद्र, मंडल अध्यक्ष विक्रम वैद्य, सांसद प्रतिनिधि कैलाश धोटे, नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर और वरिष्ठ कार्यकर्ता बलवीर मालवी की उपस्थिति में भाजपा ध्वज का पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

## चोरी के 10 दोपहिया वाहन सहित आरोपी गिरफ्तार

**मुलताई। पुलिस ने चोरी गई 10 मोटर साइकिल को बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने संदेही आरोपी को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 4 अप्रैल को थाना मुलताई पुलिस को देहात भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम लेंडागोंदी निवासी पंकज पंवार अपने खेत स्थित भैंस के बाड़े में कई चोरी की मोटरसाइकिलें छुपाकर रखे हुए है। सूचना पर पुलिस टीम ने पंचों को साथ लेकर बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। मौके पर एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम पंकज पिता हीराचंद पंवार, उम्र 31 वर्ष, निवासी लेंडागोंदी बताया। आरोपी के भैंस बाड़े की तलाशी लेने पर कुल 10 नग दोपहिया वाहन (09 मोटरसाइकिल एवं 01 स्कूटी) बरामद किए गए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 6,60,000 (छ: लाख साठ हजार रुपये) है। आरोपी उक्त वाहनों के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका एवं संतोषजनक जवाब भी नहीं दे पाया। आरोपी का कृत्य प्रथम दृष्टया अपराध पाए जाने पर उसके विरुद्ध धारा 35(1)(ड) बी.एन.एस.एस. एवं 305(बी) बी.एन.एस. के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार, उप निरीक्षक सुनील सरयाम, सउनि एम.एल. गुप्ता, प्रधान आरक्षक दिनेश बरडे, आरक्षक गजराज, आर. सत्येन्द्र पाल, आर. आनंद वट्टी, आर. शिवराज धाकड़, चालक आर. सेवाराम पंवार एवं म.आर. मेघा धुर्वे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## किसानों ने की मक्का खरीदी की राशि दिलाने की मांग

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम बाड़ेगांव एबं परमंडल के किसान से मक्का खरीदने के बाद दो माह से मक्का का भुगतान नही करने वाले व्यापारी राशि दिलाने की मांग को लेकर किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ सुनीलम के नेतृत्व ने सोमवार को किसानो ने एसडीएम राजीव कहार को ज्ञापन सौपकर खरीददार भगत सिंह वार्ड, मुलताई निवासी रवि गुजरे को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की ।जिस पर एसडीएम ने तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी मुलताई को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। जिसके डॉ. सुनीलम किसानों के साथ मुलताई थाना पहुंचे जहां सहायक उपनिरीक्षक एमएल. गुप्ता ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित व्यापारी को थाने में तलब किया। पूछताछ के दौरान व्यापारी ने मक्का खरीदने एवं भुगतान में विलंब होने की बात स्वीकार की ।इस दौरान डॉ. सुनीलम ने किसानों के साथ तहसीलदार संजय बरैया से भी चर्चा की। ओलावृष्टि के बाद वे परमंडल क्षेत्र में पहुंचे थे, लेकिन अब तक पंचनामा तैयार नहीं किया गया है। तहसीलदार ने आश्वासन दिया कि कृषि विभाग, राजस्व विभाग अधिकारी परमंडल जाकर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।



## रामनगर आंगनवाड़ी में 'वी रिंग द बेल' अभियान आयोजित

**बैतूल।** रामनगर - 2 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में 6 अप्रैल को कम्युनिटी बेस पर 'वी रिंग द बेल' दिव्यांगजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जन विकास समिति, लिलियन फाउंडेशन एवं सहयोगी संस्था नमन सेवा समिति के संयुक्त प्रयासों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना तथा उन्हें अन्य बच्चों की तरह समान शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा और सहभागिता को केंद्र में रखते हुए सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत 'सब पढ़े सब बढ़े' अभियान चलाया गया। इसमें उपस्थित अभिभावकों और कार्यकर्ताओं को जागरूक करते हुए बताया गया कि दिव्यांग बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है और उन्हें उचित वातावरण व सहयोग मिलना आवश्यक है। इस अवसर पर 25 दिव्यांग बच्चों सहित 3 अन्य महिलाएं, 7 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं। कुल 38 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाया। आयोजन के माध्यम से समावेशी शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए समाज में सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया।

## कांग्रेस 9 को जिला मुख्यालय पर करेगी प्रदर्शन

**बैतूल।** जिले में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस अब खुलकर मैदान में उतर आई है। जिला संगठन महामंत्री बृजभूषण पांडे ने बताया कि 9 अप्रैल को बैतूल के शिवाजी ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से किसानों के समर्थन में बड़ा धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस दौरान पीड़ित किसानों के साथ कलेक्टर बैतूल को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह आंदोलन मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर प्रदेशभर में जिला मुख्यालयों पर होने वाले प्रदर्शनों का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि जिले में हाल ही में हुई ओलावृष्टि और अतिवृष्टि से किसान पहले ही प्रभावित हैं, वहीं गेहूं खरीदी की तारीखों को बार-बार बढ़ाए जाने से उनकी परेशानियां और बढ़ गई हैं। पहले 23 मार्च, फिर 1 अप्रैल, 10 अप्रैल और अब 15 अप्रैल तक तारीख बढ़ने से किसानों में भारी नाराजगी है। खरीदी शुरू नहीं होने के कारण किसान मजबूरी में अपनी उपज मंडियों में 2000 से 2200 रुपये प्रति क्विंटल के कम दाम पर बेचने को विवश हैं, जबकि पड़ोसी राज्य राजस्थान में 16 मार्च से ही गेहूं उपार्जन शुरू हो चुका है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार के कुप्रबंधन के कारण सहकारी संस्थाओं से ऋण वसूली की अंतिम तिथि 31 मार्च तय होने से लगभग 50 प्रतिशत किसान डिफाल्टर हो गए हैं। इसके अलावा खाद की कमी, मनमाने बिजली बिल, बिजली चोरी के झूठे प्रकरण और नरवाई जलाने पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई जैसे मुद्दों ने किसानों को और संकट में डाल दिया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिलने से भी किसानों में आक्रोश बढ़ा है। जिला संगठन महामंत्री बृजभूषण पांडे ने सभी ब्लॉक, शहर और मंडलम अध्यक्षों, जिला समन्वय समिति के सदस्यों, पदाधिकारियों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि यह धरना-प्रदर्शन प्रभावी और व्यापक बनाया जा सके।

## सिविल सर्जन ने जिला अस्पताल के वार्डों का किया निरीक्षण

**बैतूल।** सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे ने सोमवार को जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला वार्ड, आइसोलेशन वार्ड, पुरुष सर्जिकल वार्ड, बच्चा वार्ड, डायलिसिस यूनिट एवं आईसीयू वार्ड का जायजा लिया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. घोरे ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए वार्डों में पंखे, कूलर एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल में उपलब्ध खराब उपकरणों को शीघ्र दुरुस्त करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



## तवा-2 में रूफ फॉल, बाल-बाल बचे मजदूर

**पाथाखेड़ा।** सारनी क्षेत्र की तवा-2 कोयला खदान में 31 मार्च की देर रात रूफ फॉल (छत धंसने) की गंभीर घटना सामने आई, जिसमें कई मजदूर बाल-बाल बच गए। हादसे में वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के कर्मचारी मन्नालाल घायल हुए, जबकि चार ठेका मजदूर भी खतरे की जद में आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खदान के 6 पिल्लर आड़ा और 29 पिल्लर सीधा हिस्से का बड़ा भाग अचानक ढह गया, जिससे अंदर तेज हवा का दबाव बना और कोयले के टुकड़े उछलकर मजदूरों को लगे। मजदूरों ने आरोप लगाया कि खदान प्रबंधन ने घटना को दबाने का प्रयास किया और सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई। गंभीर सवाल तब खड़े हुए जब ठेका मजदूरों को उचित इलाज तक उपलब्ध नहीं कराया गया। एक घायल मजदूर को केवल दो दिन की हाजिरी देकर छुट्टी पर भेज दिया गया। दूसरी घटना शनिवार दिन में संजीत मंडल नामक मजदूर के हाथ में फ्रैक्चर होने के बावजूद उसे निजी अस्पताल में अधूरा इलाज कराकर घर भेज दिया गया। न तो दवाइयों की व्यवस्था की गई और न ही आर्थिक सहायता दी गई। नियमानुसार दुर्घटना की स्थिति में संपूर्ण इलाज और मुआवजा देना प्रबंधन व ठेकेदार की जिम्मेदारी होती है, लेकिन यहां इसका खुला उल्लंघन देखने को मिला। घटना के बाद भी जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से मजदूरों में आक्रोश है ।मजदूर अब न्याय और उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं।



## हाईकोर्ट का फैसला, नीतू परमार फिर बनीं मुलताई नपा अध्यक्ष

**मुलताई।** नगर पालिका मुलताई अध्यक्ष को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद अब सुलझ गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाई कोर्ट को प्रकरण की सुनवाई करने के निर्देश देने के बाद हाईकोर्ट द्वारा प्रकरणों की सुनवाई करते हुए प्रकरण में 6 अप्रैल 2026 को फैसला सुनाते हुए नीतू परमार को पुन: अध्यक्ष पद का पदभार लेने की अनुमति देने के आदेश पारित किए है। गौरतलब है कि नगर पालिका मुलताई का अध्यक्ष चुनाव 8 अगस्त 2022 को हुआ था। जिसमें नीतू परमार अध्यक्ष निर्वाचित हुई थी। जिसके खिलाफ पार्षद वर्षा गढेकर द्वारा प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में याचिका दायर की थी। जिस पर न्यायालय द्वारा 13 जून 2023 को फैसला सुनाते हुए नगर पालिका मुलताई अध्यक्ष का चुनाव शुन्य घोषित कर चुनाव के आदेश दिए थे। जिसके बाद 20 जून को शासन ने वर्षा गढेकर को अध्यक्ष मनोनित किया था। जिसके खिलाफ नीते परमार द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। जिस पर 6 जुलाई 2023 को उच्च न्यायालय ने जिला न्यायालय के आदेश पर रोक लगाई थी। जिसके अनुसार 15 जुलाई 2023 को नीतू परमार ने पुन- अध्यक्ष पद संभाला था। जिसके बाद 4 अक्टूबर 2023 को उच्च न्यायालय ने नीतू परमार की याचिका क्रमाकं 464/2023 को खारिज की थी। जिस पर 15 दिसम्बर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय का स्थगन आदेश निरस्त कर दिया था। इस आदेश को देखते हुए शासन ने फिर वर्षा गढेकर को फिर अध्यक्ष नियुक्त किया था। जिसके बाद 5 फरवरी 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने नीतू परमार द्वारा की गई अपील क्रमाकं 1397/2024 एवं वर्षा गढेकर की अपील 26162/2023 के साथ टेग किया था। दोनो अपीले सर्वोच्य न्यायालय में विचाराधीन थी। उक्त अपीलो की सुनवाई करते हुए सर्वोच्य न्यायालय द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर को 3 माह के भीतर सुनवाई कर अंतिम आदेश पारित करने के निर्देश दिए गए थे। इस मामले उच्च न्यायालय द्वारा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशो का पालन करते हुए प्रकरण की सुनवाई कर फैसला सुरक्षित रखा था। उक ?त प्रकरण में उच्च न्यायालय द्वारा 6 अप्रैल 2026 को आदेश पारित कर दिनाकं 13 जून 2023 को प्रथम अपर जिला न्यायाधीश द्वारा पारित विवादित आदेश को रद्द करते हुए विजयी उम्?मीदवार के चुनाव बरकरार रखते हुए उन्हे अध्यक्ष के रूप में पुन- कार्य भार ग्रहण करने की अनुमति दिए जाने के आदेश पारित किए है।

**निरीक्षण** | **संभागायुक्त ने मुलताई में ओलावृष्टि प्रभावित ग्रामों में फसल नुकसान का लिया जायजा**

# प्रभावित किसानों की हरसंभव मदद की जाएगी : संभागायुक्त तिवारी

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 6 अप्रैल. संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने सोमवार को जिले के मुलताई क्षेत्र में ओलावृष्टि से प्रभावित ग्रामों का भ्रमण कर गेहूं, गोभी, चना, टमाटर सहित अन्य फसलों में हुई क्षति का जायजा लिया।**

**ओलावृष्टि से खराब फसलों का लिया जायजा**

इस दौरान कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, सीईओ जिला पंचायत अक्षत जैन, एसडीएम राजीव कहार, उप संचालक कृषि आनंद कुमार बड़ोनिया एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



संभागायुक्त श्री तिवारी ने ग्राम सेमझिरा, जमबाड़ी एवं धारणी का दौरा कर खेतों में पहुंचकर फसलों की वास्तविक स्थिति का आंकलन किया। उन्होंने किसानों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और नुकसान की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि गठित सर्वे दलों द्वारा सूक्ष्मता से सर्वे कार्य किया जा रहा है, जो शीघ्र पूर्ण होगा। प्रभावित किसानों को राहत राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने मौके पर उपस्थित बीमा कंपनी के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि किसानों की फसल क्षति का समय पर पोर्टल में पंजीयन सुनिश्चित किया जाए तथा बीमा दावा प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे कार्य में कोई भी प्रभावित किसान न छूटे। संभागायुक्त ने ग्राम सेमझिरा में नल-जल योजना के क्रियान्वयन की भी जानकारी ली। ग्रामीणों द्वारा जल समस्या न होने की जानकारी देने पर उन्होंने जल स्त्रोतों के दीर्घकालीन प्रबंधन के व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**एचपीवी टीकाकरण लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण करें :** संभागायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई का निरीक्षण कर एचपीवी टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बालिकाओं एवं अभिभावकों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही, निर्धारित लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### आंगनवाडी केन्द्र का निरक्षण

संभागायुक्त ने ग्राम सेमझिरा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सुपरवाइजर से बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण एवं केंद्र संचालन की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को नियमित रूप से पोषण आहार उपलब्ध कराया जाए तथा केंद्र निर्धारित दिवसों पर समय से संचालित हों।

# बैठक में आंदोलन की नई रणनीति तय

**पाथाखेड़ा। मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम कर्मचारी महासंघ की प्रथम त्रैमासिक प्रदेश कार्य समिति की बैठक अप्रैल 2026 में इंदौर स्थित गांधी हॉल में संपन्न हुई।**

**गांधी हॉल में आयोजित हुई बैठक**

**बैठक में संगठन के पदाधिकारी रहे मौजूद**

बैठक में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं यूनियन प्रतिनिधियों की सहभागिता रही, जहां संगठन की मजबूती और आगामी आंदोलन की दिशा पर व्यापक चर्चा की गई। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि पूर्व श्रम कल्याण बोर्ड अध्यक्ष (कैबिनेट दर्जा प्राप्त) भगवानदास गोंडाने ने श्रम कानूनों की जानकारी देते हुए कर्मचारियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और प्रशासन से प्रभावी संवाद बनाए रखने का संदेश दिया। वहीं विशेष अतिथि भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री अरविंद मिश्रा ने संगठन में अनुशासन, निष्ठा और समर्पण को सफलता का मूल आधार बताया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष हीरा रानवे ने की। इस दौरान सारनी से महेंद्र ठाकुर, विष्णु दत्त शर्मा एवं हरिओम कुशवाहा सहित अन्य वक्ताओं ने संगठन की एकजुटता पर जोर दिया। बैठक में आगामी छह माह की कार्ययोजना तय करते हुए संगठन विस्तार, प्रवास कार्यक्रम और चरणबद्ध प्रदेश स्तरीय आंदोलन की रणनीति बनाई गई।

